**निर्देश** | कलेक्टर ने निजी एम्बुलेंस पर नियंत्रण और असामाजिक तत्वों पर रोक के लिए पुलिस गश्त के दिए निर्देश

# जिला अस्पताल की बंद लिफ्ट का जल्द किया जाए सुधार कार्य

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 3 जनवरी, जिला अस्पताल के स्वास्थ्य तंत्र को और अधिक सुदृढ़, सुरक्षित, आधुनिक एवं नागरिकों के अनुकूल बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने आज जिला अस्पताल में मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध जिला चिकित्सालय के चिकित्सा विशेषज्ञों एवं अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण सामूहिक समीक्षा बैठक ली।**

बैठक में जिला अस्पताल की आधारभूत संरचना, मरीज सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था, सफाई व्यवस्था एवं तकनीकी सुधारों से जुड़े महत्वपूर्ण एजेंडों पर बिंदुवार चर्चा की गई। कलेक्टर श्री नारायन ने जिला अस्पताल की चारों लिफ्ट की खराबी को लेकर समय-समय पर संज्ञान में आई जानकारी को लेकर ई एंड एम के अधिकारी पर कड़ी नाराजगी जताई। एसडीओ ई एंड एम के अनुपस्थित रहने पर भी सख्त रुख़ दिखाते हुए फोन पर कल तक एजेंसी से लिफ्ट सुधारने की सख्त हिदायत दी अन्यथा की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही की चेतावनी दी। वहीं एक्स-रे, एम.आर.आई., सोनोग्राफी विभाग एवं मैमोग्राफी मशीन में तकनीकी एवं संचालन संबंधी समस्याओं के स्थायी समाधान पर विचार विमर्श किया गया और शीघ्र टेंडर जारी कर आउट सोर्सिंग के माध्यम से संचालन की व्यवस्था पर निर्देश दिए।



### मुख्य सकारात्मक निर्णय एवं चर्चाएं

कलेक्टर श्री नारायन ने जिला अस्पताल भवन के अंदर और बाहर कुछ स्थानों पर टूटे टाइल्स, गिरी फॉल्स सीलिंग और ई-1 विंग की चोक पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य शीघ्र करवाने के लिए कार्यपालन यंत्री पी.आई.यू को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने पीआईयू से अस्पताल भवन की बिल्डिंग के लिए हुए वर्क ऑर्डर और उसमें शामिल कार्यों के संबंध में कॉम्पोनेंट वाइस विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उसमें से अभी तक जो कार्य नहीं किए गए हैं, उनमें हुए विलंब के लिए कड़ी नाराजगी जाहिर की। मरीजों और परिजनों के लिए आवागमन आसान करने के लिए गेट नंबर 02 से नवीन भवन तक सीमेंट रोड निर्माण का कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए।

**सुविधाजनक शौचलय का कराया जाए निर्माण :** कलेक्टर श्री नारायन के निर्देश पर अस्पताल परिसर में आम नागरिकों एवं मरीजों के परिजनों एवं दिव्यांगजनों के लिए सुविधाजनक शौचालय निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए नगर निगम को निर्देशित किया गया। जिला अस्पताल के कर्मचारियों व अधिकारियों के लिए बेहतर पार्किंग व्यवस्था विकसित करने के लिए पुरानी बिल्डिंग को डिस्मेंटल कराने के लिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश पी.आई.यू को दिए।

### अस्पताल में 24 घंटे रहे बिजली की उपलब्धता

कलेक्टर श्री नारायन ने विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि वर्ष में दो बार निर्धारित मेंटेनेंस अवधि के अलावा जिला अस्पताल में विद्युत की समस्या नहीं होनी चाहिए। यहां बिजली की 24 घंटे सप्लाई सुनिश्चित कराएं। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को मेंटेनेंस अवधि के लिए जनरेटर के माध्यम से बिजली बैकअप की समुचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए।

### फायर फाइटिंग सिस्टम की मरम्मत कार्य को दें प्राथमिकता

कलेक्टर श्री नारायन ने निर्देशित किया कि छिंदवाड़ा मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल के नवीन भवन में लगे हुए फायर फाइटिंग सिस्टम की मरम्मत कार्य को प्राथमिकता दी जाए। शासन से आवश्यक बजट प्राप्त होने तक वैकल्पिक व्यवस्था बनाएं। फायर और हाइजीन को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जाए।

### निजी एम्बुलेंस पर नियंत्रण एवं असामाजिक तत्वों पर रोक के लिए पुलिस गश्त के निर्देश

कलेक्टर श्री नारायन ने जिला अस्पताल परिसर एवं उसके आस पास निजी एम्बुलेंस पर नियंत्रण और असामाजिक तत्वों पर रोक एवं कार्यवाही के लिए पुलिस अधीक्षक के माध्यम से थाना प्रभारी को निर्देशित करते हुए रेगुलर पुलिस गश्त के लिए आश्वत किया।

# अतिथि शिक्षकों ने दूसरे दिन दशहरा मैदान में दिया धरना

## कार्यानुभव और वरिष्ठता के आधार भविष्य बनाने को लेकर रखी मांग

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 3 जनवरी, आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक मध्यप्रदेश के आह्वान पर संपूर्ण प्रदेश के जिलो में तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम की घोषणा की गईद्य जिसके चलते छिंदवाड़ा जिले में भी आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के माध्यम से जिले में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आज दूसरे दिन भी जिले के दशहरा मैदान पोला ग्राउंड में जिले भर के अतिथियों ने अपनी मांगो को लेकर धरना दिया। प्रदेश महासचिव एवं छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष संतोष कहार ने बताया कि लगातार अतिथि शिक्षकों के साथ अन्याय और भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।**




जिसके चलते तीन दिवसीय धरना आंदोलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश में अतिथि शिक्षक विगत 18 वर्षों से शासकीय स्कूलों में अपनी सेवा देते आ रहे हैं, किंतु आज दिनांक तक अतिथि शिक्षकों का भविष्य सुरक्षित नहीं हुआ है। इन्होंने बताया कि अतिथि शिक्षक अपने भविष्य को सुरक्षित कराने को लेकर अनेको बार शासन - प्रशासन से आवेदन-निवेदन कर भविष्य सुरक्षित करने की मांग की किंतु आज दिनांक तक किसी भी सरकार ने अतिथि शिक्षको का भविष्य सुरक्षित नहीं किया।जिससे अतिथि शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। आए दिन न जाने कितने अतिथि शिक्षकों ने आत्महत्या कर ली। वही 2 सितंबर 2023 को अतिथि शिक्षकों की महापंचायत भोपाल के लाल परेड ग्राउंड मैदान में बुलाई गई थी जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा अतिथि शिक्षकों के भविष्य को सुरक्षित करने हेतु घोषणाएं की। किंतु कुछ हासिल नहीं हुआ। वर्तमान में अतिथि शिक्षकों का कार्यानुभव और वरिष्ठता के आधार पर 12 माह 62 वर्ष तक भविष्य सुरक्षित कर नियमितीकरण करने की मांग को लेकर आज दूसरे दिन भी धरना प्रदर्शन कार्यक्रम जारी रहा। श्री कहार ने छिंदवाड़ा जिले के समस्त अतिथि शिक्षक एवं शिक्षिकाओं से अपील की है कि सभी दिनांक 4 जनवरी 2026 दिन रविवार को प्रातः11बजे दशहरा मैदान पोला ग्राउंड छिंदवाड़ा में अपनी उपस्तिथि प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाए और अपने भविष्य को सुरक्षित करे।इस अवसर पर कार्यकारी जिला अध्यक्ष सर्वेश श्रीवास्तव, योगेश चौरसिया , सुनील विश्वकर्मा, अवध सूर्यवंशी, शोभाराम वर्मा, सत्येंद्र शुक्ला ,अंकित विश्वकर्मा ,अशोक सूर्यवंशी, अनिल डेहरिया, कैलाश विश्वकर्मा , संदीप नागवंशी , कमलेश सूर्यवंशी ,रामनारायण कहार , संध्या चौरसिया, रीता ठाकरे,श्वेता मिश्रा, विद्या विश्वकर्मा, सीता पहाड़ेकर, अनुसुईया पहाड़े,माधुरी वर्मा सहित अनेक अतिथि शिक्षक शिक्षिकाये मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# मेहरा डेहरिया समाज महिलाओं ने मनाई सावित्रीबाई फुले की जयंती

## महिलाओं को जागरूक करने लिया संकल्प



**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 3 जनवरी, मेहरा डेहरिया समाज महिला प्रकोष्ठ के द्वारा देश की प्रथम महिला शिक्षिका और महान समाज सुधारक क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले की 194 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जिला सचिव महिला प्रकोष्ठ श्रीमती रैना हारले ने बताया कार्यक्रम का शुभारंभ समाज की जिला महिला अध्यक्ष उमा डेहरिया एवं समाज की वरिष्ठ महिलाओं द्वारा बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा,एवं माता सावित्रीबाई फुले के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया गया।**

जयंती के अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारियों ने सावित्रीबाई फुले के संघर्षपूर्ण जीवन पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने उस दौर में महिलाओं की शिक्षा की अलख जगाई जब समाज में इसे अपराध माना जाता था। उन्होंने न केवल खुद शिक्षा प्राप्त की, बल्कि विपरीत परिस्थितियों में भी पिछड़ों और महिलाओं के लिए देश का पहला बालिका विद्यालय खोला। मेहरा डेहरिया समाज की महिला प्रतिनिधियों ने समाज की वर्तमान स्थिति और शिक्षा के महत्व पर चर्चा करते हुए। बेटियों की उच्च शिक्षा समाज की हर बेटी को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया एंव समाज में व्याप्त कुरीतियों और अंधविश्वास को दूर कर सावित्रीबाई फुले के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया गया। मजबूती महिला प्रकोष्ठ को और अधिक सक्रिय बनाने और समाज की अंतिम पंक्ति की महिला तक मदद पहुँचाने की बात कही गई। इस अवसर पर समाज के बच्चों द्वारा शिक्षाप्रद प्रस्तुतियां दी गई और मेधावी छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया। उपस्थित महिलाओं ने ÷शिक्षित बनो, संगठित रहो के नारे के साथ समाज कल्याण का संकल्प लिया।

# किरार महासभा के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष के निवास पहुंचा कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल

## कमलनाथ व नकुलनाथ ने फोन पर चर्चा कर दी शुभकामनाएं

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 3 जनवरी, मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने किरार महासभा के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष राजकुमार पटेल को समाज का जिलाध्यक्ष निर्वाचित होने पर दूरभाष पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। नेताद्वय ने कहा कि श्री पटेल वरिष्ठों के मार्गदर्शन में समाजहित में सतत कार्य करते हुए युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत बनेंगे।**



ग्राम जटामा निवासी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष राजकुमार पटेल के किरार महासभा के जिलाध्यक्ष निर्वाचित होने पर जिला कांग्रेस कमेटी का एक प्रतिनिधि मंडल उनके निवास पहुंचा। उनका पुष्पहार व पुष्प गुच्छ देकर व मिठाई खिलाकर बधाई दी। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने कमलनाथ एवं नकुलनाथ व कांग्रेस परिवार की ओर से बधाई व शुभकामनाएं दी। श्री ओकटे ने आगे कहा कि समाजहित में किया गया प्रत्येक कार्य राजनीतिक क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होता है। इसीलिये पूर्ण लगन व निरंतरता के साथ कार्य करने की सलाह दी। इस दौरान पर्यवेक्षक मनीष पांडे, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोलू पटेल, अजय पटेल, संतोष पटेल, मनोज वानखेड़े, रघुवीर मोहने, विशेष पटेल, रामजी किरार, सुखपाल पटेल सहित अन्य उपस्थित थे।

### अंतरराष्ट्रीय रामायण कॉन्फ्रेंस समापन समारोह में आज होगा भरत मिलाप

**छिंदवाड़ा।** विश्व रामायण सम्मेलन के समापन अवसर पर आज रविवार की संध्या छिंदवाड़ा की श्रीरामलीला एक विशेष भावात्मक प्रस्तुति के रूप में मंच पर उतरेगी। श्रीरामलीला मंडल, छिंदवाड़ा द्वारा रामकथा के दो अत्यंत मार्मिक प्रसंग—दशरथ देहत्याग और भरत-राम मिलाप—का मंचन किया जाएगा, जिनमें विशेष रूप से भरत के त्याग, करुणा और भ्रातृभक्ति का सजीव चित्रण किया जाएगा। यह मंचन केवल एक नाट्य प्रस्तुति नहीं, बल्कि भरत जैसे आदर्श चरित्र के माध्यम से मर्यादा, कर्तव्य और आत्मसंयम के मूल्यों को अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के समक्ष रखने का प्रयास है। भरत की नंगे पाँव अयोध्या से चित्रकूट की यात्रा और श्रीराम के चरणों में समर्पण—ये दृश्य रामायण की भावनात्मक ऊँचाइयों को स्पर्श करते हैं, जिन्हें आज मंच पर जीवंत किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय स्वरूप वाले इस सम्मेलन में विभिन्न देशों से आए प्रतिनिधि, विद्वान और सांस्कृतिक कर्मी उपस्थित हैं।

# कलेक्टर ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

## व्यवस्थाओं पर दिए सख्त निर्देश



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 3 जनवरी, कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने आज जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने जिला अस्पताल के भूतल से लेकर तृतीय तल तक पूरे भवन का संपूर्ण निरीक्षण किया।**

निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों की ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड, आयुष्मान कक्ष, दवा वितरण केंद्र, आयुष्मान कक्ष, एक्स रे, सोनोग्राफी, एम आर आई कक्ष, ऑपरेशन थिएटर, मनोरोग विभाग, महिला एवं शिशु वार्ड सहित विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया और मरीजों से सीधे बातचीत कर उन्हें मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली।

कलेक्टर ने अस्पताल में साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता और चिकित्सकीय व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कुछ स्थानों पर मिली कमियों पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों को समय पर इलाज, पर्याप्त दवाएं और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री नारायन ने डॉक्टरों और स्टाफ को निर्देशित किया कि मरीजों के साथ पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ व्यवहार किया जाए। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने और शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान छिंदवाड़ा मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ.अभय कुमार सिन्हा, डिप्टी कलेक्टर राहुल कुमार पटेल, सीएमएचओ डॉ.नरेश गोन्नाड़े, सिविल सर्जन डॉ.सुशील दुबे, आर.एम.ओ डॉ. हर्षवर्धन कुड़ापे व डॉ. उदय पड़ारकर सहित जिला चिकित्सालय के अन्य चिकित्सक एवं स्टाफ कार्यपालन यंत्री पीआईयू और पी.डब्ल्यू.डी के ई एंड एम के अधिकारी उपस्थित थे।

# देवगढ़ में आबकारी दल ने देशी विदेशी मदिरा और कच्ची शराब की जब्त

**नवभारत न्यूज**
**छिंवाड़ा, 3 जनवरी, जिले के आबकारी अमले द्वारा मदिरा विक्रेताओं तथा मदिरा निर्माण के अड्डों में दबिश कार्यवाही की गई।**



कार्यवाही के दौरान ग्राम देवगढ़ में दबिश देकर आरोपी रविन्द्र पाठे, देवेंद्र कुमरे, अनिल धुर्वे और रानी भलावी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 एवं 36 के तहत कुल 05 प्रकरण दर्ज कर उनके कब्जे से कुल 35 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब, 03 लीटर बीयर, 3.24 लीटर देशी मदिरा, 1.26 लीटर विदेशी मदिरा कब्जे में ली गई। साथ ही 250 किलोग्राम महुआ लाहन नष्ट किया गया। इस कार्यवाही में एडीईओ कैलाश चंद्र चौहान, सुश्री भारती गोंड, उप निरीक्षक वृत्त प्रभारी आकाश मेश्राम, सुश्री वैशाली भगत, जीतसिंह धुर्वे के साथ आबकारी अमला उपस्थित था। उल्लेखनीय है कि गत दिवस देवगढ़ में आयोजित देवगढ़ महोत्सव में शामिल होने और नवीन होमस्टे का लोकार्पण करने पहुंचे कलेक्टर हरेन्द्र नारायन को स्थानीय महिलाओं द्वारा इस संबंध में शिकायत की गई थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने त्वरित कार्यवाही के लिए आश्वत किया था। जिसके बाद आबकारी दल द्वारा त्वरित रूप से यह कार्यवाही की गई।

# भारतीय मजदूर संघ जिला समिति की बैठक आज

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 3 जनवरी, भारतीय मजदूर संघ की जिला समिति के पदाधिकारी तथा सम्बद्ध श्रमिक संगठनों के अध्यक्ष महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन आज 4 जनवरी 2026 दिन रविवार को दोपहर 3 बजे रघुवंश लॉन परिसर स्थित जिला औषधि कर्मचारी संघ के सिवनी रोड़ कार्यालय छिन्दवाड़ा में आयोजित की गयी हैं इस जिला बैठक में संजय सिंह प्रदेश अध्यक्ष एवं राकेश श्रीवास्तव प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राकेश श्रीवास्तव मार्गदर्शन करेंगे।**

इस बैठक की अध्यक्षता जिला समिति की अध्यक्षता श्रीमति मंजू राहंगडाले द्वारा की जावेगी। इस बैठक में गत वर्ष 2025 के कार्यकलापों का भी मंथन ,वर्ष 2025 की भारतीय मजदूर संघ को दी जाने वाली सदस्यता आधारित सम्बद्धता शुल्क ,2025 के संबंध में पंजीयक व्यवसायिक संघ को प्रस्तुत किये जाने वाले वार्षिक विवरण पत्र, नगरीय निकायों में कर्मचारियों को समय पर वेतन का भुगतान न होना ,नगरीय निकायों में वेतन से कटौती की गयी भविष्य निधि के अंशदान का भविष्य निधि कार्यालय में जमा ना होना तथा कुछ नगर पालिकाओं में वेतन भुगतान अधिनियम का समुचित पालन ना करते हुये सुविधानुसार वेतन का भुगतान करते हुये श्रमिकों/कर्मचारियों को दो भागों में विभाजित कर वेतन भुगतान अधिनियम का उल्लंघन होने संबंधित ,फरवरी 2026 में 6,7,8 फरवरी को पुरी में सम्पन्न होने वाले अखिल भारतीय त्रैवार्षिक अधिवेशन के संबंध में जानकारी तथा जिला समिति के पुर्नगठन हेतु जिला सम्मेलन के आयोजन आदि विषयों पर चर्चा कर निर्णय पारित किये जायेंगे। जिले में निवासरत अखिल भारतीय महासंघ ,प्रदेश महासंघ के सम्माननीय पदाधिकारी इस बैठक में सादर आमंत्रित है। जिला समिति के सम्माननीय पदाधिकारी एवं सम्बद्ध श्रमिक संगठनों के सभी पदाधिकारियों से इस बैठक में सम्मिलित होने हेतु विभाग प्रमुख संजय शक्रवार, जिला मंत्री अर्जुन भारती एवं जिला उपाध्यक्ष निरंजन सिंह राजपूत ,औषधि संघ के महामंत्री रामकुमार मालवी ने अनुरोध किया है।

**आयोजन** | भाजपा जिलाध्यक्ष ने नगर के वार्ड 11, 12 एवं 13 में की बैठक, पार्टी की मजबूती पर की चर्चा

# कार्यकर्ता अपना सर्वस्व निछावर करने के लिए रहते है तत्पर : शेषराव यादव

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 3 जनवरी, भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने शनिवार को नगर के वार्ड क्रमांक 11, 12 एवं 13 में बूथ स्तरीय बैठक ली। बैठको के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव द्वारा संगठन की मजबूती, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की भूमिका, मतदाता सूची से जुड़े विषयों तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई साथ ही कार्यकर्ताओं को सक्रिय रहकर संगठन के निर्देशों के अनुसार कार्य करने का आह्वान भी किया।**



बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि भाजपा संगठन सबसे मजबूत संगठन है और भाजपा संगठन की तारीफ तो विरोधी भी करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे बीच मतभेद हो सकते हैं लेकिन किसी भी स्थिति में मन भीड़ ना होने पाए। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता पूरे समर्पण से पार्टी के लिए काम करते हैं और पार्टी की मजबूती के लिए कार्यकर्ता अपना सर्वस्व निछावर करने के लिए तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि हम सब भाजपा के कार्यकर्ता है और हमें अपनी पार्टी के लिए काम करना है। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण से कार्य करने का संकल्प लिया। बैठको के दौरान भाजपा बैठक में विधानसभा के क्क्र धर्मेंद्र मिगलानी, भरत घई, विक्रम सोनी, राकेश माइकल पहाड़े, नीरज भारद्वाज अरूण गद्रे सहित बूथ पदाधिकारी , बूथ कार्यकर्ता एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।